#Shahjahanpurpol

प्रेस नोट

सराहनीय कार्य दिनाँक 26/08/2023

थाना निगोही पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमें में 48 घण्टे के अन्दर गिरफ्तारी की गयी एवं गिरफ्तार अभियुक्तगणो की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे नल का हत्था बरामद कर तथा घटना का खुलासा कर अभियुक्तगणो को जेल भेजा गया।

दिनाँक 24/08/2023 को थाना निगोही पर पंजीकृत मु0अ0सं0 445/2023 धारा 302/201 भादवि बनाम अमन आदि पंजीकृत किया गया था। जिसमें श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर द्वारा अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा करने हेतु आदेशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री सुधीर जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में श्री अमित चौरासिया, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना निगोही राजेश कुमार सिंह मय थाना निगोही पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 26/08/2023 को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तगण 1.अमन कुमार पुत्र राममूर्ति लाल, अभियुक्ता 2.पूनम देवी पत्नी स्व0 शानू निवासीगण ग्राम खेड़ा सण्डा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। जिन्होंने अपने जुर्म का इकबाल करते हुये मुकदमा उपरोक्त की घटना को अंजाम देना बताया एवं अभियुक्तगणों की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयुक्त लोहे नल का हत्था को बरामद किया गया। अभियुक्तगणों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया।

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण का नाम व पता

1. अमन कुमार पुत्र राममूर्ति लाल निवासी ग्राम खेड़ा सण्डा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर
2. पूनम देवी पत्नी स्व0 शानू निवासीगण ग्राम खेड़ा सण्डा थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर

बारामदगी

लोहे का नल का हत्था

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. राजेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना निगोही शाह0पुर
2. उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना निगोही शाह0पुर
3. का0 2247 सचिन कुमार थाना निगोही शाह0पुर
4. का0 2663 विपिन कुमार थाना निगोही शाह0पुर
5. म0आ0 2875 पूर्वी थाना निगोही शाह0पुर